हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 39 देहरादून, सोमवार, 29 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



बालगंगा एवं बूढ़ाकेदार में भारी बारिश और भूस्खलन, सीएम ने दिये निर्देश 3

# नीति आयोग में सीएम धामी ने कर दी बड़ी डिमांड





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए. यहां उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में उत्तराखंड निरंतर कार्य कर रहा है. उत्तराखंड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है. केन्द्रीय बजट में इसके लिए विशेष वित्तीय प्रावधान किये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया.मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हाल ही में जारी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स इंडेक्स रैंकिंग में उत्तराखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य ने समान नागरिक संहिता विधेयक को उत्तराखंड में पारित किया है.

जल संरक्षण पर विशेष कार्य की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई शहरों में पेयजल का गंभीर संकट दिखाई दिया है, इस समस्या के समाधान के के लिए भू जल स्तर बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है. उत्तराखंड में इसके लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन ऑथोरिटी का गठन किया है, जो जल संरक्षण और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की परियोजना पर कार्य कर रही है. उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता एवं तकनीकी सहयोग का अनुरोध किया.मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिसके लिए कलस्टर आधारित इंक्यूबेशन सेंटर तथा ग्रोथ सेंटर महत्वपूर्ण साबित होंगे. उत्तराखंड में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दो रूरल इंक्यूबेशन सेंटर तथा 110 ग्रोथ सेंटर स्थापित किये गये हैं. उन्होंने इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार से तकनीकी और वित्तीय सहयोग के लिए अनुरोध किया.

पीएम कृषि सिंचाई योजना की मांग

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए राज्यों को 25 मेगावाट से कम क्षमता की जल विद्युत परियोजनाओं के अनुमोदन तथा क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान करने तथा लघु जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए प्रस्तावित 24 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी के प्रस्ताव को पूर्वोत्तर राज्यों के साथ ही हिमालयी राज्यों में भी लागू करने का अनुरोध किया. पीएम कृषि सिंचाई योजना की गाइडलाइन्स में लिफ्ट इरिगेशन को शामिल करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया.मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग तथा क्लाइमेट चेंज जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी हमें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. इसके दृष्टिगत उत्तराखण्ड सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय से विकास योजनाओं को संचालित करने पर विशेष ध्यान दे रही है. राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी जारी करने की शुरुआत की गई है.

एआई रेडीनेस और क्वांटम रेडीनेस पर ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र में उनके शहरी क्षेत्र ग्रोथ इंजन के रूप में विशेष योगदान देते हैं. रोजगार सृजन बड़े शहरों में अधिक होता है, जिस कारण इन शहरों में अत्यधिक जनसंख्या के कारण मूलभूत सुविधाएं देना कठिन हो जाता है. इस समस्या के समाधान के लिए देश के विभिन्न शहरों के बीच काउंटर मैग्नेट एरिया विकसित करने होंगे.

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना शोध विकास एवं नवाचार के लिए एआई रेडीनेस और क्वांटम रेडीनेस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है.मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष नीति आयोग की आठवीं बैठक में हिमालयी राज्यों के विकास संबंधित कुछ प्रस्ताव रखे गये थे, उन प्रस्तावों पर हिमालयी राज्यों के परिपेक्ष में विशिष्ट नीतियां बनाने का उन्होंने अनुरोध किया.

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मजखाली में सुनी पीएम मोदी के मन की बात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। कैबिनेट मंत्री और सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या अपने विधानसभा के बूथ मौना, शक्ति केंद्र चौकुनी पहुंची, जहां उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 112वें संस्करण को पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता के साथ सुना। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज का वक्तव्य देश के सभी वर्गों का मार्गदर्शन करने वाला था, जिसे सभी को अपने जीवन में आत्मसात कर 'आत्मनिर्भर भारत' के व्रत को निभाने में भागीदार बनना चाहिए। प्रधानमंत्री जी का विद्यार्थियों से परीक्षा के विषय पर बात करना इस बात को दर्शाता है की मोदी जी हर वर्ग के कल्याण के लिए चिंतित हैं।

कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने सभी से 15 अगस्त के अवसर पर तिरंगे के साथ एक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने की अपील की। ऐसे में सभी जनता को 15 अगस्त के दिन हर घर तिरंगा लगाते हुए उसके साथ सेल्फी ले और उसे सोशल मीडिया में अपलोड करें। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और सभी को समस्या के निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपाल परिहार, महामंत्री बालम कडायत, महामंत्री दीपक बोरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदन सिंह बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, बूथ अध्यक्ष पदम सिंह, मंडल मंत्री राजू रावत, कृष्णा भंडारी, कमल गिरी, हर्ष बिष्ट, दिनेश वर्मा, हेम पांडेय, चंद्र शेखर पांडेय, पवन जलाल सहित पार्टी पदाधिकारी और क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



# संस्कृति समझने और प्रेरणा लेने का अवसर है मन की बात कार्यक्रम : महेंद्र भट्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने से प्रेरणा मिलती है। यह सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है। बल्कि यह देश की संस्कृति को समझने और उनसे प्रेरणा लेने का एक सुनहरा अवसर है। यह बातें उन्होंने रविवार को रायवाला के साहबनगर में कार्यकर्ताओं संग मन की बात कार्यक्रम का 112वें एपिसोड कसे सुनने और देखने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ अलग तरह के महान कार्य करने वाले लोगों से हमें मिलवाया जाता है। उनकी कार्य कुशलता के विषय में हम तक जानकारी पहुंचाई जाती है, जो कि हमारे लिए बहुत ही जीवनोपयोगी साबित होती है। साथ ही हमें दूसरे प्रदेशों की संस्कृति, परिवेश और वहां की विशेष धरोहर को जानने और समझने का भी अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी कार्यकर्ताओं से पौधरोपण करने और 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाने और तिरंगा भेंट करने का आह्वान किया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र सिंह नेगी, ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, मंडल अध्यक्ष शिवानी भट्ट, जिला उपाध्यक्ष मनोज ध्यानी, विमला नैथानी, अनिता राणा, सोपान सिंह कैतुरा, कपिल गुप्ता, शमा पंवार, सुरेंद्र बिष्ट, रोशन कुड़ियल, धर्म सिंह चौहान, वैशाख सिंह कैंतुरा, सुशीला नेगी, अनिता पंवार, भूपेंद्र सिंह रावत, मायाराम पैन्यूली, रमेश चंद्र नैथानी, विनोद भट्ट, कैलाश रतुडी, भरत सिंह भंडारी, पल सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

**हर व्यक्ति का सम्मान करती है भाजपा : अजय**

डोईवाला। भानियावाला बूथ नंबर 77 में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। कहा कि भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति का भी सम्मान करती है। मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के साथ अडिग है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सा अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जाएगा। मौके पर पूर्व दायित्वधारी सुरेंद्र मोगा, करन बोहरा, भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ थपलियाल, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी भारत गुप्ता, सरिता जोशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख नगीना रानी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रभान पाल, जिला अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष रामकिशन, विनय कंडवाल, मनीष नैथानी, उषा कोठारी, नरेंद्र सिंह नेगी, ईश्वर रौथाण, पुरुषोत्तम डोभाल, पंकज शर्मा, राममूर्ति ताई, नितिन बड़थ्वाल आदि उपस्थित रहे।

# अद्भुत सच ! 1 पहाड़, 375 सीढ़ियां और 800 मंदिर






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , पहाड़ों पर छुट्टियां बिताना हर किसी का सपना होता है। क्योंकि पहाड़, झरने, नदियाँ और प्राकृतिक चीजें हमें आकर्षित करती हैं। अपनी ओर खींचता है. भारत में ऐसी खूबसूरत जगहों की कोई कमी नहीं है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि आपके ही देश में एक ऐसा पहाड़ है जहां 10-20 नहीं बल्कि 800 से ज्यादा मंदिर हैं। इस कारण यह पर्वत आस्था का केंद्र है। आइए जानते हैं इसके पीछे की पूरी कहानी.अगर आप मानसिक शांति के लिए घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इस जगह पर जरूर जाएं। यहां आपको स्वर्गीय आनंद का अनुभव होगा, क्योंकि यह जगह अपनी आध्यात्मिकता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। आप जानना चाह रहे होंगे कि यह कौन सी जगह है, तो हम आपको बता दें कि पालिताना में शत्रुंजय नदी के तट पर बना यह दुनिया का एकमात्र पर्वत है। समुद्र तल से 164 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पहाड़ी पर सैकड़ों जैन मंदिर हैं। यहां पहुंचने के लिए आपको 375 पत्थर की सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।

अगर आप मानसिक शांति के लिए घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इस जगह पर जरूर जाएं। यहां आपको स्वर्गीय आनंद का अनुभव होगा, क्योंकि यह जगह अपनी आध्यात्मिकता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। आप जानना चाह रहे होंगे कि यह कौन सी जगह है, तो हम आपको बता दें कि पालिताना में शत्रुंजय नदी के तट पर बना यह दुनिया का एकमात्र पर्वत है। समुद्र तल से 164 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पहाड़ी पर सैकड़ों जैन मंदिर हैं। यहां पहुंचने के लिए आपको 375 पत्थर की सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।

कई मंदिरों की मौजूदगी के कारण यह लोगों की आस्था का केंद्र भी है। यहां हर साल हजारों श्रद्धालु आते हैं। गुजरात के भावनगर जिले में स्थित यह पहाड़ी पर मुख्य शहर से लगभग 50 किमी दूर है। यहां पहले जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने ध्यान किया था और अपना पहला उपदेश दिया था। 24 में से 23 तीर्थंकर भी यहां पहुंचे। इसलिए यह त्यौहार जैन धर्म के लोगों के लिए एक प्रमुख तीर्थ है। इस पहाड़ पर बना मंदिर संगमरमर से बना है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिरों में विशेष नक्काशी भी की गई है।नवंबर और दिसंबर महीने में कार्तिक पूर्णिमा के दिन शत्रुंजय पहाड़ी पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं। माना जाता है कि जैन धर्म के संस्थापक आदिनाथ ने पहाड़ की चोटी पर एक पेड़ के नीचे तपस्या की थी। आज भी यहां भगवान आदिनाथ का मंदिर है। यहां मुस्लिम संत अंगार पीर की दरगाह भी है। ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने शान्त्रुजय पहाड़ी की मुगलों से रक्षा की थी। इसीलिए मुस्लिम लोग भी यहां आकर मत्था टेकते हैं।

# सावन में पोस्ट ऑफिस से मंगाइये गंगाजल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , सावन के पवित्र महीने में अब आप अगर हरिद्वार नहीं जा पा रहे हैं, तो आप हरिद्वार के पवित्र गंगाजल से शिवजी भगवान का अभिषेक कर सकते हैं. अब नैनीताल जिले में हर पोस्ट ऑफिस से ऑनलाइन घर बैठे या फिर पोस्ट ऑफिस पर जाकर आप खरीद सकते हैं. गंगाजल और कर सकते हैं शंकर भगवान को अभिषेक.आपको बता दें कि हिंदू धर्म में पुराने समय से ही सावन के पवित्र महीने की अलग विशेषता है. हिंदू धर्म में सावन के महीने में कई लोग पैदल यात्रा कर गंगाजल भरकर शिवजी भगवान को जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से जल भरकर अपने-अपने क्षेत्र में आते हैं. व हरिद्वार का पवित्र गंगाजल लाकर भगवान शिव को जलाभिषेक करते है. हिन्दू धर्म में सावन के महीने को बेहद पवित्र महीना माना गया है. मान्यता है कि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है. इस समय भगवान शिव को बेलपत्र, गंगाजल आदि अर्पित करने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं.ऐसे में कई लोग पैदल यात्रा कर हरिद्वार से गंगाजल लाकर शंकर भगवान को जलाभिषेक करते हैं. पर हर कोई हरिद्वार या अन्य जगह से गंगाजल भरकर नहीं ला पाता तो अब ऐसे लोगों के लिए खुशखबरी है. सावन के महीने में वह घर बैठे पवित्र गंगाजल पोस्ट ऑफिस के जरिए ऑनलाइन मंगवाकर शंकर भगवान को जलाभिषेक कर सकते हैं. पोस्टऑफिस द्वारा यह सुविधा शुरू की गई है. जिसमे पोस्ट आफिस की साइट (india post) में जाकर आप गंगाजल को ऑनलाइन मंगवा सकते है. व दूसरा तरीका आप अपने क्षेत्र के पोस्टमेन को अपना एड्रेस देकर भी घर बैठे मंगवा सकते है. बता दें कि आज तक आपने डाकघर का उपयोग आमतौर पर मनीआर्डर, सेविंग अकाउंट, आरडी आदि जैसी सुविधाओं का लाभ लेने के किया देखा होगा. लेकिन बीते कई सालों से डाकघर लोगों को गंगाजल उपलब्ध करवा रहा है.




# वेडिंग और मैरिज में होता है फर्क, जानिए फैक्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , भारत में हर त्योहार का अपना महत्व है। अलग-अलग त्योहार को अलग-अलग समय पर धूमधाम से मनाया जाता है। इसी में एक सीजन आता है शादियों का सीजन, जिसके लिए आप नए कपड़ों से लेकर अन्य सामान की खरीददारी करना शुरू कर देते हैं। वहीं, लोग इसे मैरिज या वेडिंग कहकर बुलाते हैं। लेकिन, क्या आपको पता है कि इन दोनों में ही अंतर होता है। क्योंकि, आप किसी की वेडिंग में जा सकते हैं, लेकिन मैरिज में नहीं। अब ऐसा क्यों, तो यह जानने के लिए पूरा लेख पढ़ें।

भारत में किसी भी घर में शादी हो, तो शादी की तैयारियां 2 से 3 महीने पहले शुरू हो जाती हैं। इसके तहत महंगे-महंगे कपड़ों से लेकर महंगी साज-सज्जा और अच्छे से अच्छा खाना-पीना किया जाता है, जिससे तैयारियों में कोई कमी न रह जाए। साथ ही शादी में पहुंचने वाले लोग भी इंतजाम को देखकर प्रशंसा करें। लेकिन, जब भी बात आती है मैरिज और वेडिंग की, तो अक्सर लोग इसे लेकर दुविधा में पड़ जाते हैं। क्योंकि, आपने कई बार लोगों को कहते हुए सुना होगा कि वह फलां की मैरिज में जा रहा है या फलां व्यक्ति किसी की वेडिंग में जा रहा है। हालांकि, इसमें से सही क्या है। तो आइये हम दोनों का मतलब समझते हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, मैरिज कोई उत्सव नहीं, बल्कि दो व्यक्तियों के बीच रिश्ता होता है, जो कि उम्र भर के लिए होता है। यह एक वैध संबंध होता है, जिसके तहत विवाह के माध्यम से पति और पत्नी के बीच रिश्ता बनता है, जिसे हम मैरिज कहते हैं। ऐसे में यदि हम यह कहते हैं कि हम किसी की मैरिज में जा रहे हैं, तो वह गलत है।

क्या होती है वेडिंग

अब सवाल आता है कि वेडिंग क्या होती है, तो आपको बता दें कि जिस दिन मैरिज यानि विवाह की सभी रस्में पूरे विधि विधान के साथ पूरी की जाती हैं, उसे ही वेडिंग कहा जाता है। इसी दिन सभी रस्मों को पूरा करने के दौरान लोगों को आमंत्रित किया जाता है, जिससे विवाह में पहुंच लोग खुशी के पल में शामिल हो सके। वहीं, इस दौरान वर और वधू को बड़ों का आशीर्वाद भी मिल जाता है।

शादी की सालगिरह पर लोग अक्सर हैप्पी वेडिंग या हैप्पी मैरिज एनिवर्सरी लिखकर दंपति को शुभकामनाएं संदेश भेजते हैं। हालांकि, लोग यहां पर भी अक्सर गलती कर देते हैं। क्योंकि, शादी होने के बाद हमेशा हैप्पी मैरिज एनिवर्सरी का मैसेज भेजा जाता है न कि हैप्पी वेडिंग एनिवर्सरी का। क्योंकि, वैडिंग वह थी, जिसमें शादी की रस्मों को पूरा किया गया था, जो कि अब शादी में तब्दील हो गई है।

## राज्य आपदा प्रबन्धन के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने ली आपदा प्रबन्धन की समीक्षा बैठक

श्रीनगर गढ़वाल। राज्य आपदा प्रबन्धन के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने रविवार को नगर निगम श्रीनगर के सभागार में आपदा प्रबन्धन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागों के अधिकारियों को आपदा से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर रहने को कहा।विनय रूहेला ने सिंचाई विभाग को अलकन्दा किनारे पानी जमा होने वाले इलाकों और नगर क्षेत्र के गदेरों से सिल्ट तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को बदलने, खुली तारों को व्यवस्थित करने और ट्रांसफार्मरों को नियमित रूप से देख रेख करने को कहा। उन्होंने नगर निगम श्रीनगर को विद्यालयों के आस-पास की झाड़ियों को काटने के निर्देश दिए। कहा बरसात के दौरान झाडियां उगने से सांप और बिच्छु का डर बना रहता है। झाड़ियों के कटान से स्कूली बच्चे जहरीले कीड़े मकोड़े से सुरक्षित रहेंगे। साथ ही उन्होंने विद्यालयों के लिए जाने वाले मार्गों की मरम्मत करने को कहा।

## सावरीसैंण सैकोट में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

चमोली। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल और जिला न्यायाधीश अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के तत्वावधान में रविवार को राइका सावरी सैंण सैकोट में वृहद बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार और सिविल जज (सी0डि0)/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। हर व्यक्ति को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में पता होना आवश्यक है, ताकि कानून की जानकारी के अभाव में कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश ने वृक्षारोपण भी किया और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। सिविल जज (सी0डि0)/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी मुकदमे में अधिवक्ता की आवश्यकता है या किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता, कानूनी सेवा और सलाह चाहता है और वह व्यक्ति निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के लिए पात्र है, तो वह व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली से निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकता है।

# बालगंगा एवं बूढ़ाकेदार में भारी बारिश और भूस्खलन, सीएम ने दिये निर्देश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

टिहरी , 29 जुलाई, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भिलंगना विकासखंड के बालगंगा एवं बूढ़ाकेदार क्षेत्र में हुई भारी बारिश और भूस्खलन को लेकर लगातार विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह एवं जिला अधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित से राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में लगातार जानकारी ले रहे हैं।मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को तिनगढ़ गांव के अलावा आपदा प्रभावित क्षेत्र के अन्य संवेदनशील गाँवों को तत्काल चिन्हित कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसके साथ स्थानीय निवासियों के मवेशियों एवं अन्य पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की व्यवस्था करने तथा राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने बताया कि बालगंगा क्षेत्र तोली गांव में 02 जनहानि हुई, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख के राहत राशि के चेक तथा आवास क्षति का 01 लाख 35 हजार रुपए का चेक कल ही तत्काल उपलब्ध कराए गए। 2 पशु हानि होने पर संबंधित पशुपालकों को 57 हजार 500 रुपए की मुआवजा राहत राशि के चेक वितरित किए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि तिनगढ गांव को कल ही खाली कराकर प्रभावित परिवारों को अस्थाई राहत शिविर रा.ई.का. बिनकखाल में शिफ्ट किया गया। शिविर में प्रभावितों हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आपदाग्रस्त ग्राम तोली, जखाणा, कोट, विशन, थाती बूढाकेदार, पिंसवाड़ उरणी, अगुण्डा, कोटी आदि ग्रामों में सार्वजनिक रास्ते, कृषि भूमि, सड़क, पेयजल लाईन, विद्युत आदि परिसम्पत्तियों के क्षति आंकलन/सर्वे कार्य हेतु कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, राजस्व, उद्यान, समाज कल्याण, सहकारिता विभाग के अधिकारियों की टीमें गठित की गई हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 27 जुलाई को अतिवृष्टि/बादल फटने से पिन्सवाड़ में तोली, कोटी, जखाणा, पिन्सवाड़, अगुण्डा में ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिसकी सुचारीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

घनसाली के अंतर्गत ग्राम थाती बुढाकेदार, झाला पेयजल योजना, कोट विशन पेयजल योजना, विशन विद्यालय पेयजल, सेन्दुल सिन्सरगाड पेयजल योजना, चमियाला पदोका पेयजल योजना, पिन्सवाड पेयजल योजना, कोट बुढाकेदार पेयजल योजना, अगुण्डा पेयजल, खवाड़ा पेयजल, डालगांव पेयजल, कुण्डयाली पेयजल, कुण्डयाली-सौला पेयजल, गेवाली पेयजल, तोली पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त होने से बाधित है. जिसकी सुचारीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ



ही ग्राम तोली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत की 01 पेयजल योजना तथा ग्राम जखाणा की 01 पेयजल योजना क्षतिग्रस्त है।विकासखण्ड भिलंगना में स्योरा तोक तोली, चौरी तोक, सेरा से खंजर, दुगई तोक, घटतोक विशन, फकोरा, केमरियासौड, कोठियाडा, कोठियाडा कीडर, चमियाला, अन्द्रिया मण्टगांव, सिरस, जखाली पिलखी, बौर, सिलासेरा में नहर क्षतिग्रस्त हुई है।दैवीय आपदा से न्याय पंचायत थाती बुढाकेदार के ग्राम भिगुन में लगभग 0.15 है., तिनगढ़ लगभग 0.20 है. तथा तोली लगभग 0:25 है. कृषि क्षति हुई है।

## बूढ़ा केदार में कार्यकर्ताओं से राहत कार्यों में जुटने का आह्वान : महेंद्र भट्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 जुलाई , भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने टिहरी के बूढ़ा केदार क्षेत्र में आपदा से हुई मौतों पर दुख जताते हुए कहा कि राज्य भर में आपदा पीड़ितों की मदद के लिए संगठन सरकार के साथ समन्वय से कार्य कर रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को राहत एवं बचाव कार्यों में बढ़चढ़ कर सहयोग करने के निर्देश दिये। भट्ट ने भारी बरसात से टिहरी, उत्तरकाशी एवं रुद्रप्रयाग समेत देवभूमि में आई आपदा और आम लोगों को हुई जन धन की हानि को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है । साथ ही ईश्वर से मृतकों की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बूढ़ा केदार में घटना स्थल का निरीक्षण किया है और बचाव एवं राहत कार्यों को तेज करने के आवश्यक निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए हैं।

उन्होंने बताया कि समूचा प्रशासन एसडीआरएफ, पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम के साथ सभी जिलों में पीड़ितों को राहत पहुंचाने में लगा हुआ है । भट्ट ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपने अपने क्षेत्रों में आपदा की घटनाओं के पीड़ितों की मदद में जुटने के निर्देश दिए। जिसके लिए सभी को पुलिस प्रशासन एवं आपदा टीम से समन्वय बनाकर काम करना है । आपदा प्रभावितों को सरकार के माध्यम से मिलने वाली मदद के अतिरिक्त हमारी कोशिश होनी चाहिए कि व्यक्तिगत एवं





सामाजिक स्तर पर खाद्यान, निवास या अन्य जरूरत की चीजे उन्हें उपलब्ध हों । साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से सुनिश्चित करने को कहा कि रास्ता बंद होने की स्थिति में प्रभावित श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो।उन्होंने कांग्रेस समेत विपक्ष में नेताओं से भी आग्रह किया कि आपदाकाल में सभी को राजनीति से ऊपर उठकर, एकजुटता से पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आपदा प्रबंध तंत्र, जनता के सहयोग से संपूर्ण क्षमता से प्राकृतिक आपदा का सामना करने में लगा हुआ है । ऐसे में राजनैतिक लाभ के लिए अनावश्यक बयानबाजी करने से सभी को बचना चाहिए। ताकि आम लोगों एवं आपदा एजेंसियों का मनोबल प्रभावित नहीं हो। लिहाजा सभी को राजनैतिक कार्यकर्ता के बजाय सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका का निर्वहन करना चाहिए ताकि नुकसान को कम से कम करने में सफल हों ।

## आपदा प्रबंधन को लेकर व्यवस्था चाक चौबंद, हर पीड़ित तक पहुँच रही मदद : चौहान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 जुलाई, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर सरकार की पूरी तैयारी चाक चौबंद है और रेस्क्यू टीम तत्परता से हर पीड़ित तक पहुँच रही है। नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस यशपाल आर्य के आपदा प्रबंधन पर उठाये गए सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि पहाड़ की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के वावजूद प्रबंधन तंत्र बेहतर ढंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मध्य रात्रि मे घटित तोली भूस्खलन की घटना के बाद मौके पर रेस्क्यू टीम पहुँच गयी थी और बचाव कार्य भी समय से शुरू हो गया। घटना मे मृतकों के आश्रितों को मुआवजा और भवन निर्माण के लिए राशि के चेक सौंपे जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी लगातार राहत कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वह विधायक और डीएम से लगातार अपडेट ले रहे हैं। सीएम के निर्देश के बाद प्रभारी मंत्री प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। वहीं स्थानीय विधायक और प्रतिनिधि प्रशासन के साथ रेस्क्यू गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। सीएम ने जिला प्रशासन को तिनगढ़ गांव के अलावा आपदा प्रभावित क्षेत्र के अन्य संवेदनशील गाँवों को तत्काल चिन्हित कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसके साथ स्थानीय निवासियों के मवेशियों एवं अन्य पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की व्यवस्था करने तथा राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए है। यह गाँव अस्थायी तौर पर शिविर मे शिफ्ट किया गया है। चौहान ने कहा कि आपदाग्रस्त ग्राम तोली, जखाणा, कोट, विशन, थाती बूढाकेदार,



■ आपदा को लेकर कांग्रेस की दो धाराएँ,एक पीड़ितों के बीच दूसरी सैर सपाटे पर

पिंसवाड़ उरणी, अगुण्डा, कोटी आदि ग्रामों में सार्वजनिक रास्ते, कृषि भूमि, सड़क, पेयजल लाईन, विद्युत आदि परिसम्पत्तियों के क्षति आंकलन/सर्वे कार्य हेतु कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, राजस्व, उद्यान, समाज कल्याण, सहकारिता विभाग के अधिकारियों की टीमें गठित की गई हैं।

इन गाँवों मे विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की कार्यवाही की जा रही है।इसके अलावा अन्य गाँव जहाँ पेयजल, विद्युत आपूर्ति बाधित है वहाँ पर संबंधित विभाग आपूर्ति के लिए जुटा हुआ है। चौहान ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस मे जन हित का दावा करने वाली दो धाराएं कार्य कर रही है। एक राजनैतिक और सैर सपाटे के लिए केदारनाथ की यात्रा पर है और दूसरी धारा मे जो इस यात्रा से दूरी बनाकर चल रहे हैं वह आपदा पर ध्यान लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपदा के वक्त खामियां ढूंढने के बजाय मिलकर पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने की जरूरत है।

# अगस्त में 13 दिन नहीं होगा बैंकों में काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , अगर आपको भी अगस्त के महीने में बैंकिंग से जुड़ा कोई जरूरी काम है तो यह खबर आपके काम की है. अगले महीने आपको पता होना चाहिए कि बैंकों में किस-किस दिन काम नहीं होने वाला, ताकि आप अभी से इसको लेकर पूरा प्लान तैयार कर सकें. अगस्त के महीने में बैंकों का 13 दिन का अवकाश रहेगा, इस दौरान कई छुट्टियां पड़ रही हैं. अगस्त के महीने में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और 15 अगस्त की भी छुट्टियां भी हैं. इसलिए बैंक बंद रहने वाले दिन का आपको ध्यान रखना जरूरी है. इस बारे में जानकारी होने पर आप बैंक जाने का सही से प्लान कर सकेंगे.

इस बीच आरबीआई (RBI) की तरफ से अगस्त महीने के लिए बैंक की छुट्टियों का शेड्यूल वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है. देशभर में सभी बैंक 15 अगस्त 2024 को एक साथ बंद रहेंगे. अगस्त के महीने में हर संडे और दूसरे और चौथे शनिवार की वजह से छह दिन बैंकों का अवकाश रहेगा. इसके अलावा देश के अलग-अलग राज्यों में कई त्योहारों के कारण बैंक 7 दिन और बंद रहेंगे. अगस्त महीने के लिए बैंक की छुट्टियों की लिस्ट RBI की वेबसाइट पर पहले से ही उपलब्ध है. यहां पर भी आप लिस्ट को आसानी से देख सकते हैं.




अगस्त के महीने में बैंक की छुट्टियों की लिस्ट

**3 अगस्त, 2024:** केर पूजा (अगरतला)

**4 अगस्त, 2024: रविवार** (पूरे देश में बैंकों की छुट्टी)

**8 अगस्त, 2024:** टेंडोंग लो रम फैट (गंगटोक)

**10 अगस्त, 2024:** दूसरा शनिवार (सभी जगह बैंकों की छुट्टी)

**11 अगस्त, 2024: रविवार** (हर जगह बैंक की छुट्टी)

**13 अगस्त, 2024:** देशभक्त दिवस (इम्फाल)

**15 अगस्त 2024:** स्वतंत्रता दिवस (सभी जगह बैंकों की छुट्टी)

**18 अगस्त, 2024: रविवार** (हर जगह बैंक अवकाश)

**19 अगस्त, 2024:** रक्षा बंधन (अहमदाबाद, जयपुर, कानपुर, लखनऊ और अन्य स्थान)

**20 अगस्त, 2024:** श्री नारायण गुरु जयंती (कोच्चि, तिरुवनंतपुरम)

**24-25 अगस्त, 2024:** चौथा शनिवार-रविवार (हर जगह बैंक अवकाश)

**26 अगस्त, 2024:** जन्माष्टमी (लगभग सभी राज्यों में बैंकों की छुट्टी)

# 31 अगस्त तक बढ़ गई ITR फाइल करने की डेडलाइन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , अगर आप भी टैक्सपेयर हैं तो ये खबर आपके काम की हो सकती है. इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग कि डेडलाइन को लेकर कई लोगों के मन सवाल हैं. वहीं, कुछ खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट पर दावा किया जा रहा है कि ITR भरने की डेडलाइन को बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया है. तो आइए जानते हैं क्या सच में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की लास्ट डेट को दिया गया है?

**क्या सच में बढ़ गई ITR फाइलिंग की डेडलाइन?**

सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने चेतावनी जारी की है. यह गुजरात के एक मशहूर दैनिक अखबार में छपी थी. डिपार्टमेंट ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक न्यूज क्लिप घूम रही है. इसमें दावा किया जा रहा है कि ITR ई-फाइलिंग की आखिरी तारीख को बढ़ाकर 31 अगस्त, 2024 कर दिया गया है. एजेंसी ने साफ किया है कि यह खबर गलत है. वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ITR फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई, 2024 ही है.




**इनकम टैक्स के नाम पर हो रही धोखाधड़ी**

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस फर्जी खबर और टैक्स रिफंड के नाम पर हो रहे नए घोटाले से बचने के लिए करदाताओं को आगाह किया है. विभाग ने बताया कि कुछ स्कैमर्स टैक्स रिफंड के नाम पर SMS और ईमेल भेजकर लोगों के बैंक अकाउंट खाली कर रहे हैं. विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सावधान रहें. टैक्स रिफंड से जुड़े किसी भी मैसेज या ईमेल की पुष्टि आधिकारिक माध्यमों से जरूर करें.

अब तक 4 करोड़ लोगों ने भरा टैक्स

इन सबके बावजूद आयकर विभाग ने ITR फाइलिंग में भारी बढ़ोतरी की सूचना दी है. 22 जुलाई, 2024 तक 4 करोड़ ITR फाइल किए जा चुके हैं जो पिछले साल की तुलना में 8 फीसदी अधिक है. 2 करोड़ और 3 करोड़ का आंकड़ा इस साल 7 जुलाई और 16 जुलाई को पार कर गया था. पिछले साल 4 करोड़ का आंकड़ा 24 जुलाई को पार हुआ था.

**क्या है 31 अगस्त का मामला?**

हालांकि, कई करदाता और चार्टर्ड अकाउंटेंट तकनीकी खामियों के चलते टैक्स फाइल करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं. कई करदाता और चार्टर्ड अकाउंटेंट इनकम टैक्स पोर्टल पर कई तकनीकी दिक्कतों की शिकायत कर रहे हैं. वे चाहते हैं कि समयसीमा बढ़ाई जाए. ICAI, कर्नाटक स्टेट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन (KSCAA) और ऑल गुजरात फेडरेशन ऑफ टैक्स कंसल्टेंट्स जैसे संगठनों ने कई मुद्दों का हवाला देते हुए 31 अगस्त, 2024 तक समय सीमा बढ़ाने की मांग की है.

# मुस्लिम भक्त की केदारनाथ तपस्या पूरी !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 29 जुलाई, केदारनाथ धाम का दर्शन करना करीब करीब हर इंसान का सपना होता है। इस दौरान कुछ लोग का यह सपना पूरा भी होता है और कुछ लोगों का सपना ही रह जाता है। हालांकि केदारनाथ धाम के दर्शन करना ज्यादा कठिन नहीं है। हवाई यात्रा से आसानी से जाया जा सकता है लेकिन ज्यादा किराया होने के कारण लोग हवाई यात्रा का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। ऐसे में लोगों को सड़क मार्ग के जरिए ही यात्रा करनी पड़ती है, लेकिन यहां की पहाड़ी युक्त दुर्गम रास्ते कई लोगों के लिए मुनासिब नहीं रहते हैं। इसी बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जहाँ एक मुस्लिम युवक ने 21 दिनों में पैदल यात्रा कर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन किए।

मजहब नहीं बन पाया आस्था में बाधक

दरअसल, अहमद रजा नाम का एक मुस्लिम युवक भगवान भोलेनाथ का बहुत बड़ा भक्त है। लेकिन उसकी आस्था के बीच मजहब कभी बाधक नहीं बना। उसने एक संकल्प के तहत बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए घर से पैदल निकल गया। इस दौरान उसने कई बाधकों को पार करते हुए पैदल यात्रा करके 21 दिनों के भीतर केदारनाथ धाम पहुंचा।

1 जुलाई को यात्रा के लिए निकला

अहमद रजा ने केदारनाथ धाम के दर्शन करने के लिए 1 जुलाई को घर से निकला। इस दौरान वह 22 जुलाई को पैदल यात्रा करके केदारनाथ धाम के दर्शन करे वापस लौटा। इस दौरान उसने बताया कि वह गूगल मैप्स के सहारे यात्रा करता था। वहीं वह शॉर्टकट रास्ते लेकर करीब 1400 किलोमीटर की यात्रा को कम किया। उसने बताया कि वह प्रतिदिन 60 से 65 किलोमीटर की यात्रा करता था। साथ ही बताया कि पैदल चलने के कारण उसके पैर में छाले पड़ गए, लेकिन हिम्मत न हारते हुए उसने यात्रा जारी रखी। इसके अलावा उसने बताया कि वह सुबह 4 से 5 के बीच यात्रा की शुरुआत करता था। जिसमें दिन भर में करीब 40 से 45 किमी और रात में 20-25 किमी यात्रा करता था।





खराब मौसम नहीं रोक सकी हौसला

अहमद ने बताया कि मैं धन्य हूं कि जो केदारनाथ धाम के दर्शन कर सका। नहीं तो खराब मौसम, भारी बर्फबारी के बीच के कारण कई लोग वापस चले गए। उन्होंने कहा कि भारी बर्फबारी के बीच चलना खतरे से कम नहीं था। जहाँ एक तरफ बर्फबारी हो रही थी तो एक तरफ गहरी खाई थी। इस दौरान कई लोगों ने मनोबल बढ़ाया तो कई लोगों ने हिंदू-मुस्लिम की बात कर मनोबल को गिराया भी। लेकिन धर्म से बड़ा इंसानियत को मानकर लगातार आगे बढ़ता गया।

पिता मदरसे में शिक्षक

आपको बता दें कैमा निवासी अहमद रजा ने केदारनाथ धाम के दर्शन करने का अपना अनुभव सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर के बताया। उसने बताया कि वह निचलौल शहर स्थित एक महाविद्यालय में बीए की पढ़ाई कर रहा है, जोकि 21 साल का है। उसका एक भाई अरशद रजा भी पढ़ाई कर रहा है। उसके पिता मदरसे में एक शिक्षक है। वहीं उसकी मां नजमा खातून एक गृहणी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीनगर पहुंची कांग्रेस की केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल। कांग्रेस की श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा रविवार को श्रीनगर पहुंची। जीएमवीएन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा 2 अगस्त को केदारनाथ पहुंचेगी। भैरव मंदिर में न्याय की गुहार लगाने और पुजारियों के साथ बैठक करने के बाद 3 अगस्त को यात्रा समाप्त होगी।माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीति लाभ के लिए देश की एकता और अंखण्डता को खत्म करने का प्रयास कर रही है। उत्तराखंड के चारधाम हमारी आध्यात्मिक परंपराओं के प्रतीक हैं। इसलिये उनसे छेड़छाड़ के किसी भी प्रयास का विरोध करेंगे। माहरा ने कहा कि पंच बद्री, पंच केदार के अलावा छठवां केदार नहीं हो सकता। यह देश की परंपराओं के साथ खिलवाड़ है। कहा कि केदारनाथ धाम ट्रस्ट दिल्ली की ओर से जो क्यूआर कोड दान के लिए जारी किया गया है। उसे बंद नहीं किया गया है। उन्होंने ट्रस्ट से जुड़े लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की।

### सरणा गांव में रोपित किए गये औषधीय पौधे

श्रीनगर गढ़वाल। अटल भारत सम्मान फाउंडेशन द्वारा श्रावण मास के अवसर पर रविवार को गोल्क्षय पर्वत पर बसा सरणा गांव के नागराजा मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अटल भारत सम्मान फाउंडेशन ने नवयुवक मंगल दल सरणा के नवयुवकों के सहयोग से देवदार, बांज, कीकर, खैर, कंचनार सहित औषधीय और छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा रखने की अपील की। इस अवसर पर अटल भारत सम्मान फाउंडेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गबर सिंह भण्डारी, सूरज खत्री, अभिषेक भंडारी, अभय भंडारी, सुमित भंडारी, आकाश खत्री, गोपाल सिंह भंडारी, प्रियांशु डोबरियाल सहित आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस की यात्रा राजनीति से प्रेरित : जैन

श्रीनगर गढ़वाल। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन लाल जैन ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा यात्रा पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बहुत जल्द केदारनाथ में विधानसभा का उपचुनाव होने जा रहा है। कांग्रेस पदयात्रा का नाम देकर उपचुनाव का माहौल बनाने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि देवप्रयाग और श्रीनगर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी शामिल नहीं हो रहे है। जिससे साफ स्पष्ट होता है कि कांग्रेस कई गुटों में बंटी हुई दिखाई दे रही है। जैन ने कहा कि पहले कांग्रेस अपने संगठन की प्रतिष्ठा को बचाने का काम करे लेकिन मंदिरों के नाम पर राजनीति न करे। केदारनाथ विधानसभा के उपचुनाव में क्षेत्रीय जनता केदारनाथ धाम के नाम से राजनीति करने वाली कांग्रेस को जवाब देगी। कहा कि पूरे देश भर में कांग्रेस पार्टी सनातन को बदनाम करने का काम करना उनकी रणनीति का हिस्सा रहा है। मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट और व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी, भगवान शिव के चित्र को आपत्तिजनक तरीके से संसद में लहराकर अपमानित करने का प्रयास करते हैं जोकि गलत है। मौके पर विभोर बहुगुणा, सुधीर उनियाल, कुशलानाथ आदि मौजूद रहे।

# 10 नए राज्यपाल बनाये गए पढ़िए लिस्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया. इसके साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों में राज्यपालों की नई नियुक्तियों की घोषणा भी की. 83 वर्षीय बनवारीलाल पुरोहित ने फरवरी में भारत के राष्ट्रपति को एक संक्षिप्त पत्र में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था. अपने पत्र में पुरोहित ने कहा, ₹व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण मैं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के राज्यपाल और प्रशासक के पद से अपना इस्तीफा दे रहा हूं. कृपया इसे स्वीकार करें और उपकृत करें.₹

**सितंबर 2021 में संभाला था राज्यपाल का पद**

तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में चार साल के कार्यकाल के बाद पुरोहित ने सितंबर 2021 में पंजाब के राज्यपाल की भूमिका संभाली थी. पंजाब में उनका कार्यकाल आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के साथ लगातार टकरावों से भरा रहा, खासकर पंजाब राजभवन की ओर से विभिन्न कानूनों को मंजूरी दिए जाने के लंबित रहने को लेकर. जब भी राज्यपाल पुरोहित ने चिंता जताई या स्पष्टीकरण मांगा, तो मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों और आधिकारिक प्रवक्ताओं सहित आप ने कड़ी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने पुरोहित पर भाजपा से प्रभावित होने और उनकी सरकार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया कई बार लगाया है.





इन राज्यों में मिले नए राज्यपाल

हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.रामेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.सीएच विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.सीपी राधाकृष्णन, जो वर्तमान में झारखंड के राज्यपाल हैं और तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं, को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.गुलाब चंद कटारिया, जो वर्तमान में असम के राज्यपाल हैं, को पंजाब और चंडीगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है.लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, जो वर्तमान में सिक्किम के राज्यपाल हैं, को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उन्हें मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

# हंस फाउंडेशन द्वारा प्राचीन मंदिर को क्षति पहुंचाने पर मंत्री ने दिये जांच के निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 जुलाई , प्रदेश के धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तरकाशी जनपद में विकासखण्ड मोरी के अन्तर्गत सोमेश्वर महादेव के प्राचीन मन्दिर को हंस फाउंडेशन द्वारा क्षति पहुंचाने की मंदिर समिति की शिकायत का संज्ञान लेते हुए धर्मस्व सचिव को पूरे मामले की जांच के निर्देशित दिये हैं।

प्रदेश के पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तरकाशी जनपद में विकासखण्ड मोरी के अन्तर्गत सोमेश्वर महादेव के प्राचीन मन्दिर को हंस फाउंडेशन द्वारा क्षति पहुंचाने की मंदिर समिति की लिखित शिकायत का संज्ञान लेते हुए धर्मस्व सचिव को पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धर्मस्व सचिव से कहा है कि जनभावनाओं के अनुरूप उक्त मन्दिर को क्षतिग्रस्त होने से बचाते हुए प्राचीन मंदिर के संरक्षण हेतु सभी तरह के उपाय किए जाएं।



ज्ञात हो कि सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति के उपाध्यक्ष जयवीर सिह रावत और सह सचिव राम लाल विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज से लिखित शिकायत कर कहा है कि जनपद उत्तरकाशी के ब्लाक मोरी के ग्राम पचायत जखोल में स्थित पौराणिक सोमेश्वर महादेव मंदिर 22 गांवों की आस्था का केन्द्र है। मंदिर में वर्ष 1861 से धरोहर के रुप में बहुत ही सुन्दर मूर्ति बनी है। यह मंदिर पांडव काल के समय से ही यथावत है। शिकायती पत्र में बाकायदा हंस फाउंडेशन का नाम लेते हुए मंदिर को कुछ गैर कानूनी संस्थाओं द्वारा नव निर्माण के नाम पर तोडे जाने की बात कहते हुए इसके संरक्षण की बात कही गई है।

# डूब रहे कावंडिये को सकुशल बचाकर दून पुलिस बनी रक्षक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 जुलाई , कांवड मेला-2024 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह द्वारा सभी घाटों/गंगा के किनारे तटों पर जल पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस व एसओजी को भी ड्यूटी हेतु नियुक्त कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में त्रिवेणी घाट पर गस्त के दौरान एसओजी के हे0का0 कमल जोशी को एक व्यक्ति गंगा की तेज धारा में बहता हुआ दिखाई दिया, जिस पर उनके द्वारा तत्काल इसकी सूचना जल पुलिस को दी गयी, घाट में ड्यूटी पर नियुक्त जल पुलिस कर्मियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए बिना समय गवाये नदी के तेज बहाव से डूबते हुए कांवडियों को बचाने हेतु गंगा की तेज धारा में छलांग लगाई तथा नदी के तेज बहाव में उक्त व्यक्ति का पीछा करते हुए उसे 72 सीडी के पास गंगा की तेज धारा में पकड़ कर किनारे लाया गया, उक्त स्थान पर तत्काल सीढ़ी की व्यवस्था न होने तथा नदी के जलस्तर के बढ़ने के दृष्टिगत जल पुलिस एवं एस.ओ.जी के कर्मचारियों द्वारा रस्सी की सहायता से उक्त व्यक्ति को आस्था पथ पर सकुशल बाहर निकाला गया, बचाए गए व्यक्ति गणेश कुमार, जो कि मध्य प्रदेश का निवासी है तथा उसके साथियों द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा तत्परता से की गई कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए दून पुलिस का आभार प्रकट किया गया। बचाए गए व्यक्ति का विवरणगणेश कुमार पुत्र जगदीश कुमार, निवासी ग्राम सिगौन थाना ईसानगर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश, उम्र 24 वर्षजल पुलिस/रेस्क्यू टीम(1) उ0नि0 प्रकाश पोखरियाल, चौकी प्रभारी त्रिवेणी घाट (2) हे0का0 हरीश सिंह गुसाईं(3) हे0का0 कमल जोशी, एसओजी(4) हे0का0 चैतन्य कुमार(5) गोताखोर विनोद सेमवाल





- त्रिवेणी घाट की तेज धारा में बहने वाले, मध्यप्रदेश निवासी 24 वर्षीय युवक को सकुशल रेस्क्यू कर निकाला नदी से बाहर
- एसएसपी दून के निर्देशों पर कावड़ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु जल पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस को भी गंगा किनारे घाटों पर सुरक्षा हेतु किया गया है तैनात

## संक्षिप्त खबरें

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में उपलब्ध कराई सामग्री

नई टिहरी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य आनंद रावत ने अपनी दिवंगत पत्नी बिंदा देवी की स्मृति में प्रतापनगर के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पठन-पाठन कार्य के लिए 100 सेट कुर्सी और मेज सहित 100 थर्मल पानी की बोतलें भेंट की है। कहा कि दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों के संसाधनों का अभाव होता है। ऐसे में इस तरह की सहायता से छात्रों को सुविधा मिलती है। शनिवार शाम को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का वार्डन निशा रावत और पूर्व जिपंस आनंद रावत ने शुभारंभ किया। आनंद रावत ने कहा कि बालिकाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहन करना चाहिए। बालिकाएं हर फील्ड में बालकों की बराबरी कर रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में तो देश-प्रदेश में बालिकाएं सारे रिकार्ड तोड़ रही हैं। पूर्व में भी उन्होंने छात्रावास के लिए सहयोग दिया था। आगे भी वह इस तरह के कार्यों को करते रहेंगे। स्कूल की छात्रा मानसी, काजल, सुचिता के सरस्वती वंदना से स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम पंवार, बनाली के प्रधान सतपाल रावत, पीटीए अध्यक्ष जशोदा देवी, राज्यांदोलनकारी शंभू सिंह भंडारी, प्रधानाचार्य राकेश चंदोला, रमेश रावत, राजेंद्र बोरा, मनीष राजपूत, अर्जुन दास, शंभू राणा, जीतपाल सिंह, मनीष चौहान, मोहन लाल, सुंदर शाह मौजूद थे।

### एसडीएम ने जसपुर में ग्रामीणों की सुनी 32 समस्याएं

नई टिहरी। उप जिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार की अध्यक्षता में रविवार को जसपुर में आयोजित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी। ग्रामीणों ने एसडीएम को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की समस्याएं बताई। उन्होंने मनरेगा में रोजगार के अवसर बढ़ाने समेत 32 समस्याएं सुनी। एसडीएम ने गांव में लगी आटा चक्की, पावर वीडर, रेलिंग निर्माण, टीनशेड से लेकर गांव में संचालित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि गांव में हो रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्राथमिक विद्यालय मार्ग पर झाड़ी कटान का कार्य भी किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र डोभाल ने जंगली जानवरों से खेती सुरक्षा को चेंजिग फेंसिंग लगाने, गुलदार से बचाव के लिए गांव में सोलर लाइट लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने बताया कि ढुंगीधार के निर्मल वर्ग के समीप से लोग कूड़ा फेंक रहे हैं। जिससे गंदगी फैलने के साथ ही गांव का प्राकृतिक पेयजल स्रोत भी दूषित हो रहा है। इस समस्या से भी निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर प्रधान अंजू डोभाल, एआरटीओ सतेंद्र राज, पूर्ति निरीक्षक देवेंद्र नेगी, अंजना राणा, राजेंद्र नेगी, कर्ण सिंह, विक्रम नेगी, जीतेंद्र डोभाल, खुशाल सिंह नेगी, जेपी सेमल्टी आदि मौजूद थे।

### आपदा मानकों में बदलाव कर प्रभावितों को मिले लाभ: यशपाल आर्य

नई टिहरी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को बूढ़ाकेदार क्षेत्र के आपदाग्रस्त तोली व तिनगढ़ का भ्रमण कर प्रभावितों से मुलाकात की। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने प्रभावितों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। रविवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य आपदा प्रभावितों के लिए बनाए गए अस्थाई राहत शिविर राइंका बिनकखाल पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने प्रभावितों से कुशलक्षेम जानी। नेता प्रतिपक्ष ने तोली गांव में अपनी बेटी और पत्नी की मौत के बाद सदमें में आए वीरेंद्र को ढांढस बांधते हुए उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्षों से बूढ़ाकेदार क्षेत्र आपदा से ग्रसित है। जहां पर हर वर्ष आपदा से लोग जान गंवा रहे है। लेकिन सरकार अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाई है। उन्होंने आपदा मानकों में बदलाव कर लोगों को लाभ देने की मांग की।

### देवप्रयाग में गुलदार की सक्रियता से दशहत

नई टिहरी। देवप्रयाग में एक किशोर को निवाला बनाने की घटना के बाद भी क्षेत्र में गुलदार की दहशत कम होने का नहीं ले रही है। एक गुलदार इस घटना के कुछ ही घंटों में पिंजरे में कैद कर दिया गया था, लेकिन इसके बाद अनेक स्थानों पर गुलदार देखा गया है। इससे लोग दहशत में हैं। शनिवार देर शाम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के गेट पर गुलदार के दिखाई देने के बाद परिसर में ऐहतिहात और बढ़ा दी गई है। गुलदार को भगाने के लिए छात्रों ने देर रात शोर-गुल करते हुए परिसर की सड़कों के चक्कर लगाये। परिसर प्रशासन ने छात्रों को रात को अनावश्यक न घूमने और शाम को भोजन करने के तुरंत बाद कमरों में चले जाने के निर्देश जारी किया है। लगभग एक सप्ताह पहले राजकीय इंटर कॉलेज के बारहवीं के छात्र अनुराग को गुलदार ने निवाला बना दिया था।

# श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा को मिल रहे जन समर्थन से बौखलाई भाजपा : कांग्रेस

## सनातन धर्म पर किए प्रपंच की पोल खुलने से भाजपा बेचैन : धस्माना

■ केदारनाथ धाम मंदिर ट्रस्ट से हो रही ठगी लगातार जारी :सूर्यकांत धस्माना

■ पूरा राज्य आपदा से बेहाल सरकार के लोग कुर्सी के लिए कर रहे लॉबिंग : सूर्यकांत धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 जुलाई, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा के नेतृत्व में पिछले पांच दिनों से चल रही श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा को मिल रहे भरी जन समर्थन से भारतीय जनता पार्टी में भारी बौखलाहट व बेचैनी है जिसके कारण सरकार के मुखिया पुष्कर सिंह धामी उनके मंत्रीगण व पार्टी के पदाधिकारी अब यात्रा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं यह बात उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की बौखलाहट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसके नेता अब बजाय इस बात का जवाब दें कि उनके समर्थकों ने जो दिल्ली में छद्म केदारनाथ धाम बनाने का काम किया उसके नाम पर जारी क्यू आर कोड से आज भी चंदा उगाही क्यों बंद नहीं की गई और उसका नाम बदलने का विधिवत निर्णय अभी तक क्यों नहीं किया गया वे उल्टा कांग्रेस पर श्री केदारनाथ धाम पर राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं और वर्ष २०१ की आपदा के बहाने अनर्गल आरोप लगा रहे हैं जबकि २०१ की आपदा के समय जो मुख्यमंत्री थे वे अब भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और उनके सुपुत्र भाजपा सरकार में धामी के साथ कैबिनेट मंत्री हैं।




धस्माना ने कहा कि कांग्रेस की पदयात्रा पूरी तरह से श्री केदारनाथ धाम की प्रतिष्ठा जो भाजपा व भाजपा सरकार द्वारा धूमिल की गई है उसकी रक्षा के लिए की जा रही है और हम पूरी दुनिया को बताना चाहते हैं कि उत्तराखंड में पांच केदार हैं और छठा केदार नहीं हो सकता और ना ही कोई नया केदार धाम बनाया जा सकता है और इसी बात की तकलीफ भाजपा को है क्यूं वे चंदा एकत्रित करने के लिए उत्तराहंद के चारों धामों के प्रतिरूप बनाना चाहते थे जो योजना कांग्रेस की यात्रा से फ्लॉप हो गई। सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि आज पूरा उत्तराखंड राज्य आपदा की गिरफ्त में है। कुमाऊं मंडल से लेकर गडवाल वा तराई भाभर सभी जगह अति वृष्टि के कारण भयंकर स्थितियां बनी हुई हैं जान माल का भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेस उपाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग व सैकड़ों संपर्क मार्ग ध्वस्त हैं और जन जीवन बुरी तरह प्रभावित है। राजधानी देहरादून में साहिया के पास मार्ग अवरूद्ध होने के कारण एक नवजात को हायर सेंटर नहीं लाया जा सका जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई । सरकारी अस्पतालों में डाक्टर नहीं कहीं दवाएं नहीं और मरीज हल्कान हैं किंतु स्वास्थ्य मंत्री दिल्ली में मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए लॉबिंग में व्यस्त हैं। श्री धस्माना ने कहा कि आज जब राज्य के प्रत्येक जिले में आपदा आई हुई है ऐसे में जिला प्रभारी मंत्रियों को अपने अपने प्रभार वाले जिले में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए लोगों के बीच होना चाहिए था लेकिन अधिकांश मंत्री दिल्ली में बड़ी कुर्सी की जुगत बिठाने में लगा है और जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। धस्माना ने कहा कि चार धाम यात्रा रूट पूरी तरह से क्षति ग्रस्त है, चमोली जिले में जोशीशमठ से लेकर बद्रीनाथ तक सड़क अनेक स्थानों से गायब है। केदारनाथ रूट पर गौरीकुंड के पास दो सौ मीटर से अधिक सड़क गायब होगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार यमुनोत्री में खरसाली से ले कर बड़कोट तक सड़क बुरी तरह क्षति ग्रस्त है लेकिन आपदा प्रबंधन विभाग लापता है और आपदा का काम अखबारों व अधिकारियों की मीटिंग और न्यूज चैनलों पर है जमीन पर बहुत कम। धस्माना ने कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल आदेश जारी कर अपने सभी मंत्रियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भेजने के आदेश जारी करने चाहिए।

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किया आपदा प्रभावित भिलंगना (तिनगढ़, तोली, बुढाकेदार) का दौरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

29 जुलाई, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने घनसाली के बुढाकेदार क्षेत्र के ग्राम भिगुन के तिनगढ, तोली और बुढाकेदार का सघन दौरा किया, नेता विपक्ष ने सबसे पहले राहत शिविर इंटर कॉलेज विनियखाल मे सभी माता ,बहनों और भाइयों से मुलाकात कर उनका दुख दर्द समझा, राहत शिविर मे आपदा से पीड़ित श्रीमती नागी देवी, श्रीमती कीड़ी देवी, पुन्हा देवी,शिवा जो कि निराश्रित परीवार है, इन्होंने नेता विपक्ष को आपबीती सुनाई।नेता प्रतिपक्ष ने व्यवस्थाओ का जायजा लिया, इसके बाद नेता विपक्ष ने तिनगढ़ के क्षतिग्रस्त घरों और पूरे इलाके का दौरा किया, ग्राम तोली मे जहां श्री विरेन्द्र शाह की पत्नि श्रीमती सरिता देवी और बेटी अंकिता की मलवे मे दब कर दुखद मृत्यु हों गई थी, वहा जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

आर्य ने कहा कि तोली ग्राम के ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि तिनगढ़ के ऊपर की बासर नहर भी क्षति का एक का कारण हो सकता है। सरकार को इस पर समय रहते ध्यान देना चाहिए था और उन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल आपदा के मानकों मे परिवर्तन करना होगा, और तिनगढ़, तोली के पूर्ण विस्थापन के लिय काम करना होगा, सरकार आपदा प्रबंधन मे गम्भीर नही है। आर्य ने कहा कि प्रशासन को अभी तत्कालिक रूप से आपदा ग्रस्त घरो से उनके



■ आपदा प्रबंधन मे राज्य सरकार गंभीर नहीं : यशपाल आर्य

जरूरी सामानों को शिफ्ट करने मे मदद करनी चाहिए, चुकीं अभी लोग सदमे में है, इसलिए उनकी पूर्ण रूप से मदद करनी चाहिए। पहाड़ों मे घर 1.30लाख मे नही बनता है, और 10हजार मे एक एकड़ कृषि भूमि की क्षतिपूर्ति भी पर्याप्त नहीं है, सरकार मृतको के परिवार को शीघ्र विशेष सहायता प्रदान करे। उनके घरों, पशुओं, कृषि भूमि, जो क्षतिग्रस्त हुए है, उनको आपदा मे संशोधित राशि प्रदान करे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा यह क्षेत्र आपदा से अति संवेदन शील है और सरकार को इस क्षेत्र के लिए दीर्घ कालिक प्लान तैयार करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष यषपाल आर्य के साथ विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष राकेश राणा, पूर्व प्रमुख भिलंगना विजय गुनसोला, पूर्व जिलाध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट , पूर्व प्रमुख धनी लाल शाह, डॉ राकेश लाल षाह, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद जोशी, ब्लॉक बाल गंगा अध्यक्ष जसवीर सिंह नेगी, गबर सिंह नेगी, दिनेश लाल, मुरारी लाल खंडवाल खुशी लाल ,राकेश थलवाल, श्याम लाल साह, बाल कृष्ण नौटियाल, हिम्मत रौतेला, कैलाशी देवी, हुकम सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत, बच्चन सिंह रावत, सतीश जोशी, बावन सिंह बिष्ट, संतोष रतूड़ी, बसंत लाल, हुकम सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत आदि रहे।





## नई शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था में आए कई बदलाव

नई टिहरी। राजकीय इंटर कॉलेज छापराधार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित शिक्षा सप्ताह में सामुदायिक सहभागिता पर आधारित गतिविधियों की जानकारी दी। कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था से लेकर पाठ्यक्रम में कई बदलाव हुए हैं, जो भविष्य में छात्रों के लिए लाभकारी होंगे। इस मौके पर विद्यालय पर आधारित किताब का विमोचन भी किया गया। रविवार को जीआइसी छापराधार में शिक्षा सप्ताह का समापन हुआ। प्रधानाचार्य गबर सिंह चौहान ने विद्यालय के इतिहास को लेकर लिखी पुस्तक का लोकार्पण भी किया। बताया कि शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम में सामुदायिक सहभागिता पर आधारित सामाजिक सुरक्षा, नैतिक कर्तव्य, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी दी। बताया कि जो पुस्तक लिखी है उसमें विद्यालय की स्थापना, इतिहास व वर्तमान तक की गतिविधियां और उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। विद्यालय के संस्थापक सदस्य डॉक्टर देवेश्वर आनंद, मंगलानंद डबराल ने कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और बेहतर शिक्षा का माहौल मिलने से छात्र-छात्राएं निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। पूर्व प्रधान कुशाल सिंह पुंडीर, पीटीए अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास अभिभावक और शिक्षकों की सहभागिता से संभव है। प्रधान सीमा डबराल ने विद्यालय की उपलब्धियां के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर विनोद डबराल, विजय बहुगुणा, युद्धवीर नेगी, संजय मस्तवाल, अरविंद कौशल, अनिल कुमार, राजवीर गुसाईं, सावित्री डोभाल, अमिता भट्ट, सुभाष उनियाल आदि मौजूद थे।

## रोटरी क्लब ने रेलवे पुल पर चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण दिवस पर रोटरी क्लब अलकनंदा वेली ने रविवार को श्रीनगर-नैथाणा को जोड़ने वाले रेलवे पुल पर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में प्लास्टिक सहित अन्य कूड़ा 10 बोरे एकत्र कर उसका निस्तारण किया। इस दौरान लोगों को सड़कों और घर के आस-पास कूड़ा नहीं फैलाने की अपील लोगों से की। साथ ही लोगों को प्रकृति को हराभरा रखने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने को कहा। मौके पर अर्जुन सिंह गुसाईं, पीबी नैथानी, केएस पटवाल, प्रदीप मल्ल, धनेश उनियाल, नवल किशोर जोशी, मनोज कण्डवाल, एसके बिजलवान, डा. वरुण बर्तवाल, वीर सिंह भंडारी एवं इंटरेक्ट क्लब, मास्टरमाइंड स्कूल एवं होली एंजेल स्कूल के छात्र-छात्राओं नज स्वच्छता अभियान में सहयोग दिया।

## गुरिल्ला 20अगस्त से सीएम आवास पर देंगे धरना

श्रीनगर गढ़वाल। पेंशन, नौकरी और आश्रितों को लाभ देने की मांग पर कार्रवाई नहीं होने पर गुरिल्लाओं ने रोष व्यक्त किया है। गुरिल्ला संगठन के प्रवक्ता अनिल भट्ट, टिहरी जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला, पौड़ी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मान सिंह नेगी, जिला महामंत्री महावीर सिंह रावत ने कहा कि गुरिल्ला 20 अगस्त को सीएम आवास में रैली निकालकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। उन्होंने गुरिल्लों को एकत्रित होकर धरने को सफल बनाने की मांग है।

# खो गया नन्हा कांवड़िया, पुलिस ने खोज निकाले परिजन

- ऋषिकेश पुलिस ने तत्परता से बालक के परिजनों को तलाश कर किया गया सकुशल सुपुर्द
- बालक के सकुशल वापस मिलने पर परिजनों ने जताया दून पुलिस का आभार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 जुलाई , चंद्रभागा पुल पर कावड़ यात्रा के दौरान ड्यूटीरत उप निरीक्षक विनोद कुमार एक 12 वर्षीय बालक संदिग्ध/लावारिस अवस्था में मिला, जिससे पूछताछ करने उस बालक का नाम जतिन तथा उसका गाजियाबाद से अपने परिजनों के साथ कावड़ लेकर ऋषिकेश आना और ऋषिकेश में अपने परिजनों से बिछड़ना बताया ।

गुमशुदा बालक को उप निरीक्षक विनोद कुमार कोतवाली ले आये जहां महिला उपनिरीक्षक आरती कलूड़ा के संरक्षण में बालक से पूछताछ की गई तो वो अपना पता एवं परिजनों के संबंध में कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पाया, उसके द्वारा सिर्फ अपने स्कूल का नाम बताया गया,

बालक को उसके परिजनों से मिलाकर दून पुलिस ने लौटाई परिवार की खुशियां

इसके बाद महिला उप निरीक्षक आरती कलूड़ा ने स्कूल का नाम गूगल पर सर्च कर बालक के अध्यापक का नंबर प्राप्त किया गया, जिनसे संपर्क कर बालक के विषय मे संपूर्ण जानकारी देकर बालक की माताजी का फोन नंबर लेकर उनसे संपर्क किया गया, गुमशुदा बालक की माता के द्वारा बताया गया कि उनका पुत्र अपने चाचा एवं कुछ अन्य व्यक्तियों के साथ कावड़ यात्रा पर आया था, जिनसे बच्चे के चाचा का नंबर लेकर उन्हें कोतवाली ऋषिकेश बुलाया गया तथा गुमशुदा बालक को सकुशल उसके चाचा राजेश पुत्र प्रहलाद निवासी गाजियाबाद के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बालक के सकुशल वापस मिलने पर उसके परिजनों के द्वारा उत्तराखंड पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# नर्सिंग भर्ती से नौकरी वालों को जल्द बाहर करें

देहरादून। नर्सिंग बेरोजगार युवाओं ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से रविवार को मुलाकात की। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेशानुसार जल्द स्वास्थ्य विभाग में नौकरी पा चुके नर्सिंग अधिकारियों के आवेदन नर्सिंग भर्ती से खारिज करने की मांग उठाई। नर्सिंग बेरोजगारों ने मेडिकल कॉलेजों में 1455 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती को लेकर मंत्री का आभार जताया। कहा कि 27 जुलाई को हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि नौकरी पा चुके अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त माने जाएंगे। कहा कि हरिद्वार और पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज में संयुक्त रूप से स्वीकृत 480 नर्सिंग अधिकारियों के पदों पर शीघ्र से शीघ्र विज्ञप्ति निकली जाए और भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। भर्ती में बाहरी राज्यों के एवं अन्य अभ्यर्थियों ने फर्जी ईडब्लूएस एवं फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्र के आधार पर जो आवेदन किए हैं। उनकी जांच हो और इन लोगों को भी चयन प्रक्रिया से बाहर किया जाए। इस दौरान संरक्षक विजय चौहान, अध्यक्ष लीला चौहान, नवल पुंडीर, अजीत भंडारी, पपेंद्र बिष्ट, सुशील कोठियाल, अनिता भंडारी, लक्ष्मी कठैत, सुशील भट्ट, राजपाल पंवार, राजीव बर्तवाल आदि मौजूद रहे।

# बैरागी कैंप में डाक कांवड़ का सैलाब उमड़ना शुरू

हरिद्वार। सोमवार से डाक कांवड़ की वापसी की शुरूआत भी हो सकती है, ऐसे में कनखल क्षेत्र में यातायात का दबाव जलाभिषेक तक बना रहेगा। पंचक खत्म होने के साथ ही कांवड़ यात्रा की रौनक देखते ही बन रही है। रोजाना लाखों शिवभक्त यहां पहुंच रहे हैं। पैदल कांवड़ियों की वापसी भी तेजी से हो रही है। डाक कांवड़ वाहन लगातार कुंभनगरी पहुंच रहे हैं। दोपहिया वाहनों पर भी कांवड़िये पहुंच रहे हैं। लक्सर मार्ग से होते हुए डाक कांवड़ वाहन को बैरागी कैंप पार्किंग में लाया जा रहा है। बैरागी कैंप पार्किंग में बड़ी संख्या में डाक कांवड़ वाहन पार्क होने लगे है। वहीं, बिजनौर की तरफ से आ रही डाक कांवड़ नीलधारा और गौरीशंकर पार्किंग में पार्क होने लगी है। सोमवार से डाक कांवड़ियों की वापसी का सिलसिला भी शुरू हो सकता है।

## संपादकीय

# ‘विकसित’ अभी सपना है

वर्ष 2047 तक भारत को ‘विकसित देश’ के रूप में देखना फिलहाल एक सुखद सपना है। किसी वर्ग के लिए यह संकल्प और महत्वाकांक्षा भी है। कोई स्वतंत्र देश 100 साल में ही ‘विकसित’ श्रेणी में आ जाए, यह बेहद दुर्लभ लक्ष्य है। लक्ष्य दुर्लभ ही हुआ करते हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी ने ही शुरू किया था और उसे निरंतर भी बनाए रखा। अब तो नीति आयोग के स्तर पर ‘दृष्टिकोण पत्र’ भी बना लिया गया है। उसमें दो लक्ष्य फिलहाल असाध्य लगते हैं। एक, देश की प्रति व्यक्ति आय 15 लाख रुपए सालाना तक पहुंचाना। दूसरा, ‘गरीबी मुक्त गांव’ बनाना। यानी जिस गांव में कोई गरीब न हो और गरीबी के हालात भी न हों। फिलहाल देश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 2 लाख रुपए सालाना है। कुछ 1.75 लाख रुपए के करीब मानते हैं। यानी 7-8 गुना आमदनी बढ़ानी होगी। आकलन है कि 2047 तक देश की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल भारत की जीडीपी करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर है। यानी 8-9 गुना जीडीपी बढ़ानी होगी। यह उस देश के संदर्भ में असंभव-सा लगता है, जिसके 80 करोड़ से अधिक लोगों को ‘मुफ्त अन्न’ बांटा जा रहा है। जहां अब भी 20-22 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। यह संभव हो सकता है कि अंबानी, अडानी सरीखे उद्योगपतियों की आय के आधार पर जीडीपी का आकलन किया जाए। अधिकांश भारतीय गरीब हैं अथवा निम्न मध्यवर्गीय हैं। उनकी आमदनी ‘कुबेरपतियों’ की आय के किसी विशेष मद के मद्देनजर मान ली जाए। भारत की आर्थिक असमानता बेनकाब न हो और 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाए। दरअसल भारत का गांव आज भी जर्जर और बेहाल है। कुछ गांवों को चमका दिया जाता है, लेकिन उस ‘चमकदार परत’ के नीचे का यथार्थ क्या है, शायद नीति आयोग भी नहीं जानता। ‘दृष्टिकोण पत्र’ में उल्लेख किया गया है कि गरीबी मिटाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर 24 घंटे 7 दिन शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली की उपलब्धता पर काम करें। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उद्यमी बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास के प्रशिक्षण देने सहित अन्य कदम उठाए जाएं। हमारी सलाह है कि प्रधानमंत्री, उनकी सरकार, सत्तारूढ़ी मुख्यमंत्री और नीति आयोग की अलग-अलग गंभीर समितियां बनाई जाएं। वे आम आदमी की तरह राजधानी दिल्ली के ही ग्रामीण और गरीब इलाकों के सर्वेक्षण कर लें। देश का यथार्थ सामने आ जाएगा कि ‘विकसित’ वाला दर्जा हासिल करना कितनी दूर है? बेशक पंजाब के 97 फीसदी से ज्यादा घरों तक पेयजल उपलब्ध है और इस संदर्भ में वह प्रथम स्थान पर है, लेकिन 33.5 फीसदी पेयजल की स्थिति के साथ बिहार सबसे नीचे है। 2022 में भारत में 61.5 फीसदी ग्रामीण आबादी को पाइप जल आपूर्ति के जरिए अपेक्षाकृत सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल मिल रहा था। आज कुछ स्थिति सुधरी होगी! नीति आयोग ने भी इसी गर्मियों में, राजधानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में, पानी के लिए तरसती, लड़ती और आक्रोशित आबादी को देखा होगा! देश के पिछड़े, अनधिकृत और गरीब इलाकों में सामान्य पानी की उपलब्धता की कल्पना की जा सकती है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# उत्तराखंड के विकास लखेड़ा को मिली असम राइफल्स की कमान





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल रैंक पर तैनात विकास लखेड़ा को असम राइफल्स की कमान मिली है। वह मूलरूप से टिहरी गढ़वाल के खास पट्टी के जखंड गांव के निवासी हैं। वर्तमान में उनका परिवार देहरादून में रहता है। ले. जनरल टीपीएस रावत के बाद वह दूसरे उत्तराखंडी हैं जिन्हें असम राइफल्स की कमान मिली है। उत्तराखंड के नाम एक और गौरव जुड़ गया। वह यह कि भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल रैंक पर तैनात विकास लखेड़ा को असम राइफल्स की कमान मिली है। वह असम राइफल्स के नए महानिदेशक होंगे। केंद्र सरकार की ओर से इस संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।

55 वर्षीय जनरल लखेड़ा आगामी एक अगस्त को बतौर डीजी असम राइफल्स की कमान संभालेंगे। ले. जनरल टीपीएस रावत के बाद वह दूसरे उत्तराखंडी हैं, जिन्हें असम राइफल्स की कमान मिली है। वह मूलरूप से टिहरी गढ़वाल के खास पट्टी के जखंड गांव के निवासी हैं। हालांकि, वर्तमान में उनका परिवार देहरादून के वसंत विहार में रहता है।

सेना ज्वाइन करने से पहले ले. जनरल लखेड़ा ने डीएवी पीजी कालेज से स्नातक किया था। भारतीय सैन्य अकादमी से पास आउट होने के बाद वह फोर सिख लाइट रेजीमेंट में कमीशन हुए थे। अब तक की सैन्य सेवा में वह जम्मू-कश्मीर के आतंक प्रभावित क्षेत्र से लेकर नार्थ-ईस्ट में नगालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश आदि स्थानों पर तैनात रह चुके हैं। अनुभवी सैन्य अधिकारी के साथ ही वह कुशल खिलाड़ी व संगीत प्रेमी भी हैं। साथ ही विभिन्न भाषाएं बोलने में भी उन्हें महारथ है। उनके पिता विष्णु प्रसाद लखेड़ा भारतीय सेना की सिख रेजीमेंट के बाद बीएसएफ में डीआइजी रहे हैं।

## कांवड़ियों को डूबने से बचाया

हरिद्वार। ।हरकी पैड़ी के पास कांगड़ा घाट पर दो कांवड़ियों को डूबने से बचाया गया। दोनों हरियाणा के रहने वाले हैं और कांवड़ लेने हरिद्वार आए थे। एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने बताया कि साहिल पुत्र राममीर और विजय पुत्र जय भगवान राम निवासी ग्राम कवंडा हरियाणा को बचाया गया। हेड कांस्टेबल आशिक अली और कांस्टेबल अनिल कोठियाल ने दोनों कांवड़ियों को बचाया है।

## हाथी के दांत की तस्कर करने पर तीन गिरफ्तार

हरिद्वार। सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाया गया। थाना श्यामपुर, हरिद्वार क्षेत्र से वन्यजीव तस्कर गौतम सिंह पुत्र सुखदेव सिंह और चन्दन सिंह पुत्र राम कुंवर निवासी, कामगारपुर, थाना मण्डावली जिला बिजनौर यूपी को गिरफ्तार किया। जिनके पास से एक हाथी दांत बरामद किया गया। जिसका वजन करीब सात किलो था।

## खाने में प्याज परोसने को लेकर कांवड़ियों ने काटा हंगामा

हरिद्वार। शनिवार देर रात सोनीपत हरियाणा से आए कांवड़ियों का एक दल रेस्टोरेंट पर खाना खाने पहुंचा था। खाना खाने के दौरान कांवड़ियों ने हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप लगाया कि खाने में प्याज का इस्तेमाल किया गया है। देखते ही देखते मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। इधर, रेस्टोरेंट स्वामी ने प्याज का इस्तेमाल न करने की बात कहते हुए कांवड़ियों को शांत करना चाहा लेकिन वे शांत नहीं हुए। हंगामे की खबर मिलने पर जोनल प्रभारी सीओ अनिल जोशी, कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा, निरीक्षक वीरेंद्र सिंह नेगी, चौकी प्रभारी संजीत कंडारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर भी कांवड़ियों का हंगामा जारी रहा।

## धूप निकलने के बाद धर्मनगरी में बढ़ रही गर्मी

हरिद्वार। रविवार को धूप निकलने के बाद दिन में लोग गर्मी से जूझते रहे। दिन के समय गर्मी लोगों के पसीने निकाल रही है। पिछले पांच दिनों से धर्मनगरी में गर्मी का एहसास बढ़ा हुआ है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। दिन में धूप निकलने के बाद गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। लोगों को सड़कों पर आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ी। गर्मी बढ़ने के बाद दोपहर के समय लोग सिर्फ जरूरी कामों को पूरा करने के आवागम करते नजर आए।

# दून की मम्मियों ने ली अनोखी शपथ ! पुरुषों ने खोदे गड्ढे, महिलाओं ने रोप पौधे

## सहस्त्रधारा स्थित एकादशी एन्क्लेव की महिलाओं ने किया वृक्षारोपण





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 29 जुलाई , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मिशन एक पेड़ माँ के नाम अभियान से पूरा देश जुड़ रहा है। अपनी खूबसूरत वादियों की वजह से देश दुनिया में टूरिस्ट हिल स्टेट उत्तराखंड की ख़ास पहचान है जहाँ हरे भरे जंगल और वादियां इसको और भी दिलकश बनाती है। लेकिन बीते दिनों जिस तरह से स्मार्ट सिटी और राजधानी देहरादून में तापमान के अप्रत्याशित पैमाने तक बढ़ने की वजह से नागरिकों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ी है उसके बाद तो जैसे केंद्र और प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण अभियान को हरेला लोकपर्व के बीच बेहद सफलता मिल रही है।

**लक्ष्मी अग्रवाल , संजीत बंसल और अजय तिवारी ने ली पेड़ों को बचाने की शपथ**

देहरादून के मशहूर पर्यटक स्थल सहस्त्रधारा के करीब बसी एकादशी कॉलोनी और सैकड़ों नागरिकों ने पीएम मोदी और सीएम धामी के हरेला लोकपर्व पर पेड़ लगाने के अभियान से जुड़ते हुए श्रमदान किया। वृक्षारोपण के पहले दर्जनों स्थानीय पुरुषों ने स्वयं गड्ढे तैयार करते हुए ट्री गार्ड लगाए वहीँ आसपास की कॉलोनियों से एकत्रित महिलाओं ने बीजेपी लीडर लक्ष्मी अग्रवाल के आह्वान पर एकत्र होकर नीम , आम , फूल और अन्य पौधों का रोपण किया आपको बता दें कि इसके पहले भी दर्जनों महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ मीडिया पैनलिस्ट लक्ष्मी अग्रवाल के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में सैकड़ों फूल , फल और छायादार पौधों का रोपण कर एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जन जन तक पहुँचाया है।

सहस्त्रधारा हैलीपैड के करीब बनी इन कॉलोनियों की सड़कों पर वृक्षारोपण करते हुए मौजूद महिलाओं को सरकार के इस जन कल्याणकारी अभियान की जानकारी देते हुए लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि परिवार हो या समाज या कोई भी क्षेत्र आज महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से कम नहीं है। ऐसे में जब हमारी सरकार कोई सामाजिक अभियान शुरू करती है तो मातृशक्ति भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ती है। एकादशी कॉलोनी में जुटी दर्जनों महिलाओं का ज़ज़्बा और पुरुषों का इसमें सहयोग इसका सबसे सुखद प्रमाण है की देवभूमि उत्तराखंड में एक पेड़ माँ के नाम आज जन चेतना और जन सहभागिता के साथ अपने उद्देश्य में सफल हो रहा है। इस दौरान एकादशी एन्क्लेव के जागरूक नागरिकों में अजय कुमार तिवारी , रेनू तिवारी , अमित सिंह आनंद सिंह , जयबीर पंवार , सुनील जोशी एनडी कुनियाल , अनिकेत तिवारी , कमला जोशी प्रमुख रूप से शामिल रहे जिन्होंने पेड़ों के रखरखाव और उनके संवर्धन की शपथ भी ली।



## कांवड़: हाईवे पर ऑटो रिक्शा, विक्रम और ई-रिक्शा प्रतिबंधित

हरिद्वार। कांवड़ मेले में अब डाक कांवड़ की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार के बाद से हाईवे पर डाक कांवड़िये ही नजर आएंगे। हरिद्वार के अलावा नीलकंठ से लेकर गोमुख तक से कांवड़िये वापस लौटते हैं, ऐसे में पूरे हाईवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। ऑटो रिक्शा, विक्रम भी जाम की वजह बनते हैं। डाक कांवड़ की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ ही हाईवे पर अब ऑटो रिक्शा, विक्रम और ई-रिक्शा प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। शहर के अंदर सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शिवमूर्ति चौक तक ही उपलब्ध है, उनकी वापसी तुलसी चौक से हो रही है। चंडीघाट चौक से ऑटो रिक्शा, विक्रम अब हाईवे की तरफ नहीं भेजे जा रहे है, ऐसे ही शंकराचार्य चौक से आगे जाने की भी इजाजत नहीं है। उत्तरी हरिद्वार से आ रहे ऑटो रिक्शा, विक्रम केवल सर्वानंद घाट चौक तक ही आ-जा रहे हैं। ऐसे में अब यदि किसी को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्थाई ऋषिकुल बस स्टैंड से उत्तरी हरिद्वार की तरफ जाना है तो उन्हें शटल सेवा से भेजा जा रहा है। ठीक इसी तरह उत्तरी हरिद्वार से भी वापसी शटल सेवा से ही होगी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि आवश्यक वाहनों के अलावा हाईवे पर ऑटो, विक्रम और ई रिक्शा पर रोक लगा दी गई है। अगले चार दिन हाईवे पर कांवड़ियों के वाहनों को ही चलाया जा रहा है।

## 269 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

हरिद्वार। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 269 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि शनिवार रात को चेकिंग के दौरान एक युवक को पूछताछ के लिए रोकना चाहा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे रोक लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 269 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम शिव कुमार निवासी मुलदासपुर माजरा बताया।

### औद्योगिक क्षेत्र में सात घंटे बिजली की आपूर्ति रही बंद

हरिद्वार। रविवार औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल के सेक्टर 12 में मरम्मत काम की लिए बिजली की आपूर्ति ऊर्जा निगम ने बंद कर दी। काम के लिए सुबह दस बजे क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति को बंद किया गया। इस दौरान 33 केवी बिजली लाइन से पोषित सभी फीडर पर मरम्मत का काम ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने किया।

### मोटरसाइकिल चोरी

हरिद्वार। सिडकुल से एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। वाहन स्वामी शमीम पुत्र बसीर निवासी ग्राम आन्नेकी की मोटरसाइकिल 23 जुलाई को एक औद्योगिक इकाई के बाहर खड़ी थी, जहां से चोरी कर ली गई। वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का दावा है कि जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## भाणाधार क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया

रुद्रप्रयाग। रेंज के रुद्रप्रयाग अनुभाग में हरेला को लेकर पौधरोपण अभियान चलाया गया। नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-7 भाणाधार में वन कर्मियों के साथ महिला मंगल दल की सदस्यों, स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगों पौधों का रोपण किया। वन विभाग के सहयोग से रेंज कार्यालय के समीप भूस्खलन संभावित क्षेत्र में बांस की पौध लगाई गई। इस मौके पर भारी संख्या में महिलाओं, पुरूष, स्कूली बच्चों ने शिरकत की।

### मद्महेश्वर की यात्रा थमी, रास्ते पर सन्नाटा पसरा

रुद्रप्रयाग। पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर की यात्रा बनतोली में पुल ध्वस्त होने के कारण बंद है। यहां शनिवार को पूरे पैदल मार्ग में सन्नाटा पसरा रहा। जबकि मार्ग में कारोबार कर रहे स्थानीय व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। हालांकि जल स्तर कम होने के बाद लोनिवि ऊखीमठ यहां फिलहाल अस्थाई पुल निर्माण की कार्यवाही शुरू करेगा।

मद्महेश्वर पैदल मार्ग में गौंडार के पास बनतोली में भारी बारिश के चलते मार्कडेय नदी पर बना पुल नदी के बहाव में बह गया था जिसके बाद मद्महेश्वर की यात्रा ठप हो गई है। इस मार्ग पर बीते दिन से सन्नाटा पसरा है। पैदल मार्ग में बनतोली, नानू, खटारा, मैखम्बा, कोनचट्टी और मद्महेश्वर में रह रहे लोगों के अलावा यहां कोई भी आवाजाही नहीं कर पा रहा है जिससे पैदल मार्ग पर वीरानी छा गई है। हालांकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण लगातार बनतोली में स्थाई पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। इधर, नदी का जल स्तर कम होने के बाद ही लोनिवि अस्थाई पुल निर्माण की दिशा में कार्यवाही करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत पर कब्जे के प्रयास का आरोप, किसान को पीटा

हरिद्वार। क्षेत्र के गांव आन्नेकी में प्रयास पुत्र जगराम सिंह रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि उसके पिता जगराम सिंह ने कृषि भूमि आन्नेकी हेत्तमपुर में खरीदी थी, जो राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। मौजूदा समय में उसने खेत में तिल की फसल बोई है और सीमेंट के करीब 200 पिलर लगाकर खेत की तारबाड़ की हुई है। आरोप है कि 17 जुलाई को गांव के ईश्वर, उसका पुत्र विकास, नीलू, अनुज, आनंद प्रजापति, दिनेश उर्फ टिंकू, अजय कश्यप ने तारबाड़ उखाड़कर ट्रैक्टरों ट्राली में भरकर ले गए। अगले दिन जब वह अपने खेत पर पहुंचा तब देखा कि सब वहां जुताई कर रहे थे। विरोध करने पर उन्होंने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। खेत पर स्वामित्व का दावा करते हुए उसके राजस्व रिकार्ड के दस्तावेज भी फाड़ दिए। आरोप है कि जातिसूचक शब्द भी कहे गए। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 146 लावारिस अस्थियां गंगा में विसर्जित की

हरिद्वार। श्री कर्मयोगी सेवा संस्थान के संस्थापक राजाराम कर्मयोगी ने बताया की बीते आठ माह में कोटा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से संस्थान ने 102 अज्ञात लोगों के शवों को प्राप्त कर अंत्येष्टि कर्मकांड किया। कुल 146 अस्थि कलश हरिद्वार लेकर पहुंचे है। वर्ष 2007 से संस्था लावारिस लोगों की अस्थियां विभिन्न स्थानों से एकत्रित कर हरिद्वार गंगा में विसर्जित करने का काम कर रही है। रविवार की 26 वीं बार अस्थियों का विसर्जन संस्था ने किया है। अभी तक कुल 6525 लावारिस अस्थियां संस्था गंगा में विसर्जित की गई है। अस्थि विसर्जन के दौरान संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, अलका दुलारी जैन, हेमंत सिंह, कमल सिंह, लक्ष्मी, नारायण गर्ग, महावीर जैन, नरोत्तम, राजेश, संजय डोगरा, महावीर, नीलम शर्मा, कुसुम सिंह नंद, कंवर सोलंकी, मदन गोपाल मिश्रा, तुलसी बाई, लकी आदि मौजूद रहे।

### मन की बात सुन किया पौधारोपण

हरिद्वार। राजीव शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम भारतीयों के मन की बात है। उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है। उन्होंने नवोदय नगर में विकास कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिए। कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आयेगी और आने वाले दिनों में सम्पूर्ण पालिका क्षेत्र में अनेक विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, बूथ अध्यक्ष नरोत्तम, दीपक नौटियाल, मुकेश रावत, वेदांत चौहान, बच्ची सिंह, राम निवास, मनवर रावत, काजल, केवल सिंह , मुकेश रावत , आनंद सिंह नेगी, सुरेश बलोदी, विवेक, सीमा आदि मौजूद रहे।